मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 8 अंक 98
शनिवार, 18 अक्टूबर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## 15 साल के जंगलराज ने बिहार को आधी सदी पीछे धकेलाः अमित शाह

**पटना, 17 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में दिवंगत अपराधी शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट देने पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की कड़ी आलोचना की। सारण में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा कि बिहार को सुरक्षित रखने के लिए मोदी-नीतीश की जोड़ी को फिर से सत्ता में लाना होगा। शाह ने कहा कि मैंने राजद-राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों की सूची देखी है, और उसमें शहाबुद्दीन के बेटे का नाम भी है। अगर राजद शहाबुद्दीन के बेटे को चुनाव का टिकट दे दे, तो क्या बिहार सुरक्षित रह सकता है? अगर हमें बिहार को सुरक्षित रखना है, तो हमें मोदी-नीतीश की जोड़ी को फिर से लाना होगा। राजद ने आगामी चुनावों के लिए शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को सीवान के रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। उन्होंने आगे कहा कि एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। अमित शाह ने कहा, बिहार में हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व कर रहे हैं। शाह ने राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लालू-राबड़ी के 15 साल के 'जंगल राज' ने बिहार को लगभग आधी सदी पीछे धकेल दिया। उन्होंने आगे कहा कि इसी दौरान बिहार ने अपनी गरिमा, वैभव और उत्कृष्टता खो दी।

शाह ने तेजस्वी यादव पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि



वही जंगल राज आज बिहार की जनता के सामने है, नए चेहरों के साथ और वोट मांगते हुए। बिहार के पटना में बुद्धिजीवियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा, वह कौन सा युग था, जिसमें बिहार एक बीमारू राज्य बन गया। सिर्फ.15 साल के जंगल राज में ही बिहार ने अपना गौरव, धन और ज्ञान खो दिया। जंगल राज के 15 साल के दौर में बिहार ने अपनी गरिमा, वैभव और हर तरह की उत्कृष्टता खो दी। कल्पना कीजिए कि वे 15 साल कैसे रहे होंगे... वह दौर जिसमें बिहार की प्रतिष्ठा गिर गई... उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आजादी के बाद बिहार में स्थापित उद्योग लालू यादव के जंगल राज के कारण राज्य से चले गए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ?जब वे (लालू यादव) भ्रष्टाचार के मामले में जेल से बाहर आए और हाथी पर जुलूस निकाला गया, तो हमें इस तरह की बेशर्मी समझ नहीं आई... आजादी के समय बिहार में जो उद्योग स्थापित हुए थे, वे धीरे-धीरे बिहार छोड़ने लगे... उस 15 साल के शासन ने बिहार को लगभग आधी सदी पीछे धकेल दिया। वही 'जंगल राज' आज नए चेहरों के साथ बिहार की जनता के सामने है। इस बार बिहार में सिर्फ. दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने के बीच, शाह ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, मैं लालू और राहुल कंपनी से पूछना चाहता हूँ कि पहले बिहार में 6 चरणों में चुनाव होते थे, जबकि अब सिर्फ. 2 चरणों में चुनाव हो रहे हैं। 6 चरणों में करना पड़ा क्योंकि सुरक्षा के इतने इंतजाम नहीं हो पा रहे थे, और अब 2 चरणों में हो रहा है क्योंकि बिहार सुरक्षित हो गया है।

## तेजस्वी ही होंगे महागठबंधन के सीएम फेस, कांग्रेस ने लगाई मुहर

**पटना, 17 अक्टूबर।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नजदीक आते ही, कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए, सिंह ने जोर देकर कहा कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत जारी है, लेकिन गठबंधन भाजपा-जद(यू) गठबंधन के खिलाफ एकजुट मोर्चा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने कहा, तेजस्वी यादव महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं। सीटों का बंटवारा हो रहा है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।





अखिलेश सिंह के साथ, कटिहार से कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने भी तेजस्वी यादव को विपक्षी गठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने का समर्थन किया। अनवर ने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा करने में कोई बुराई नहीं है, और उन्होंने महागठबंधन और एनडीए दोनों से अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों को तुरंत स्पष्ट करने का आग्रह किया। विपक्ष ने तेजस्वी यादव पर सहमति जताई है, वहीं एनडीए ने दोहराया है कि बिहार चुनाव में मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही उसका चेहरा बने रहेंगे। मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की पुष्टि के बावजूद, गठबंधन को सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने गुरुवार देर रात 48 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, लेकिन सहयोगियों के बीच मतभेद बने हुए हैं। अनवर ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी की नाराजगी को स्वीकार किया, जो कथित तौर पर प्रस्तावित सीट बंटवारे के फॉर्मूले से नाराज थे।

## राहुल गांधी ने जुबीन गर्ग को दी श्रद्धांजलि, कहा- सिंगापुर घटना पर चाहिए पारदर्शिता और न्याय

**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने असम के कामरूप जिले में गायक जुबीन गर्ग की समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि मैंने परिवार से कहा कि मैं बेहतर परिस्थितियों और खुशहाल परिस्थितियों में आना पसंद करता। जब मैं 17 साल का था, तब मैं सिक्किम में पर्वतारोहण का कोर्स करने गया था। और हर दिन जब हम प्रशिक्षण के लिए जाते थे, तो मैं अपने सामने कंचनजंगा पर्वत को देखता था। और मुझे उस पर्वत की सबसे अच्छी बात यह लगी कि वह ईमानदार, पारदर्शी, अडिग और सुंदर था। राहुल गांधी ने आगे



कहा कि आज, जब मैं आ रहा था, गौरव ने बताया कि जुबीन जी ने कहा था कि वह कंचनजंगा हैं, और मुझे तुरंत एहसास हुआ कि वह कंचनजंगा ही हैं क्योंकि उनमें कंचनजंगा के गुण थे... यह एक त्रासदी है जिसका सामना पूरे राज्य ने किया है। मैंने परिवार से बात की, और उन्होंने मुझसे बस एक ही बात कहीः हमने अपने जुबीन को खो दिया है और हम बस यही चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए... सरकार का कर्तव्य है कि जो कुछ हुआ है उसकी तुरंत जाँच करे, पारदर्शी तरीके से जाँच करे, और परिवार को बताए कि सिंगापुर में क्या हुआ था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह दिवंगत गायक जुबीन गर्ग के लिए भारत रत्न की मांग करेंगे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मैं विषय से भटकना नहीं चाहता।

## उच्चतम न्यायालय ने देश में डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई

**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के अंबाला में अदालत और जांच एजेंसियों के फर्जी आदेशों के आधार पर एक बुजुर्ग दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 1.05 करोड़ रुपये की उगाही की घटना को शुक्रवार को गंभीरता से लिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने देश भर में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और 73 वर्षीय महिला द्वारा भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई को लिखे पत्र पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दर्ज किए गए मामले में केंद्र और सीबीआई से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों सहित निर्दोष लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने के लिए उच्चतम न्यायालय, उच्च



न्यायालय के आदेशों और न्यायाधीशों के हस्ताक्षरों की जालसाजी करना न्यायिक संस्थाओं में लोगों के विश्वास और आस्था पर कुठाराघात है।

डिजिटल अरेस्ट ऑनलाइन धोखाधड़ी है, जिसमें जालसाज खुद को फर्जी तरीके से किसी सरकारी एजेंसी या पुलिस का अधिकारी बताकर लोगों पर कानून तोड़ने का आरोप लगाते हुए उन्हें धमकाते हैं और गलत तरह से धन वसूली की कोशिश करते हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा, न्यायाधीशों के जाली हस्ताक्षरों वाले न्यायिक आदेश तैयार करना, कानून के शासन के अलावा न्यायिक व्यवस्था में जनता के विश्वास की नींव पर कुठाराघात करता है। इस तरह की कार्रवाई संस्था की गरिमा पर सीधा हमला है। पीठ ने कहा कि इस तरह के गंभीर आपराधिक कृत्य को धोखाधड़ी या साइबर अपराध के सामान्य या एकल अपराध के रूप में नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा, हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेने के लिए भी इच्छुक हैं कि यह मामला एकमात्र मामला नहीं है। मीडिया में कई बार ये खबरें आई हैं कि देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे अपराध हुए हैं।

इसलिए, हमारा मानना है कि न्यायिक दस्तावेजों की जालसाजी, निर्दोष लोगों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों से जबरन वसूली/लूट से जुड़े आपराधिक उपक्रम का पूरी तरह से पदार्फाश करने के लिए केंद्र और राज्य पुलिस के बीच समन्वित प्रयासों और कार्रवाई की आवश्यकता है। पीठ ने अटॉर्नी जनरल से सहायता मांगी और हरियाणा सरकार तथा अंबाला साइबर अपराध विभाग को बुजुर्ग दंपति के मामले में अब तक की गई जांच पर एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। यह मामला शिकायतकर्ता महिला द्वारा अदालत के संज्ञान में लाया गया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि घोटालेबाजों ने 3 से 16 सितंबर के बीच दंपति की गिरफ्तारी और निगरानी की बात करने वाला स्टाम्प और मुहर लगा एक जाली अदालती आदेश पेश किया और कई बैंक लेनदेन के माध्यम से एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। महिला ने कहा कि उन्हें गिरफ्तार करने की धमकी देते हुए फर्जी तरीके से सीबीआई और ईडी अधिकारी बनकर कुछ लोगों ने कई ऑडियो और वीडियो कॉल के जरिए अदालती आदेश दिखाए।

## सरकारी स्थलों के उपयोग संबंधी मंत्रिमंडल का फैसला केवल आरएसएस के लिए नहीं: सिद्धरमैया



**कर्नाटक, 17 अक्टूबर।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि मंत्रिमंडल द्वारा सार्वजनिक स्थानों और सरकारी परिसरों में कार्यक्रमों के आयोजन के लिए नियम बनाने का फैसला ह्यसिर्फ आरएसएस के लिए नहीं है।

मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी उनके नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों, जिनमें सड़कों पर मार्च करना और सार्वजनिक स्थानों व सरकारी परिसरों में कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है, पर लगाम लगाने के लिए नियम बनाने के फैसले के एक दिन बाद आई है। कैबिनेट के इस फैसले, जिसे व्यापक रूप से आरएसएस के कार्यक्रमों के खिलाफ बताया जा रहा है, पर स्पष्टीकरण देते हुए सिद्धरमैया ने कहा, यह सिर्फ आरएसएस के लिए नहीं है।

उन्होंने कहा, सरकार की अनुमति के बिना किसी भी संगठन को गतिविधियां चलाने की अनुमति नहीं है। यह नियम दरअसल भाजपा द्वारा लाया गया था जब मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर थे। साल 2013 में, शेट्टर के नेतृत्व वाली सरकार ने एक परिपत्र जारी किया था, जिसमें स्कूल परिसरों और उससे जुड़े खेल के मैदानों का इस्तेमाल केवल शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए करने का आदेश जारी किया गया था।

**आर के मीडिया**

हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए

सम्पर्क करे: 9199355950

### त्रिपुरा में मालगाड़ी से दो करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद

**त्रिपुरा।** त्रिपुरा के जिरानिया रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी से करीब दो करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह बरामदगी बृहस्पतिवार को शुरू हुए एक तलाशी अभियान के दौरान की गई, जो शाम करीब साढ़े चार बजे शुरू होकर शुक्रवार तड़के तक चला। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए, बृहस्पतिवार को रेलवे पुलिस बल (जीआरपी), सीमा शुल्क विभाग और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने संयुक्त अभियान चलाया।







धनतेरस- 18 अक्टूबर, 2025

# धनतेरस धन के भौतिक एवं आध्यात्मिक समन्वय का पर्व



-ललित गर्ग

धनतेरस का पर्व पंच दिवसीय दीपोत्सव की पवित्र श्रृंखला का आरंभिक द्वार है। यह केवल सोना-चांदी, वस्त्र या बर्तन खरीदने का शुभ दिन नहीं, बल्कि धन के प्रति हमारी सोच को पुनसंर्तुलित करने का अवसर है। भारतीय संस्कृति में धन को सदैव देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, परंतु यह पूजन केवल भौतिक संपदा का नहीं, बल्कि धन के नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक उपयोग का भी प्रतीक है। ऋषि-मुनियों ने धन को केवल मुद्रा नहीं, बल्कि एक ऊर्जा माना है। उपनिषदों में कहा गया है-ह्लधनं मूलं सवेर्षां साधनानाम्ह्व, अर्थात धन सभी साधनों का मूल है, परंतु वही धन शुभ है जो धर्म-संयम से अर्जित और लोककल्याण में नियोजित हो। धनतेरस हमें याद दिलाता है कि धन केवल संग्रह का नहीं, उपयोग का विषय है। धन का सही उपयोग ही उसे ह्यलक्ष्मीह्ण बनाता है, अन्यथा वह ह्यअलक्ष्मीह्ण-अशांति और विषमता का कारण बन जाता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाया जाता है। इस तिथि को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बर्तन, सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है। ऐसे में यह दिन धन्वंतरि को समर्पित किया गया है।



भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन कहा गया है। भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अंश माना गया है, जिन्होंने मानव समाज को चिकित्सा विज्ञान (आयुर्वेद) का ज्ञान दिया। इसी कारण धनतेरस के दिन देशभर में वैद्य समाज भगवान धन्वंतरि जयंती के रूप में उनकी पूजा करता है। धनतेरस का ऐतिहासिक महत्व समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ा है, जब भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इसे ह्यधनत्रयोदशीह्ण भी कहते हैं। यह त्योहार भगवान धन्वंतरि को समर्पित है, जिन्हें आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है, और धन एवं समृद्धि के देवता भगवान कुबेर की भी पूजा की जाती है। भारत सरकार ने धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी के साथ इस दिन यम दीपक जलाने का भी विधान है। जिसे दीपदान भी कहा जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार, यमराज से अपनी रक्षा करने के लिए इस दिन यमदीपदान किया जाता है। एक कथा के अनुसार, एक राजा के पुत्र को साँप के काटने से मृत्यु होने की भविष्यवाणी थी, जिसे उसकी पत्नी ने दीप और सोने-चाँदी के ढेर लगाकर यमराज को दूर रखने में सफल हुई। जैन आगम में धनतेरस को ह्यधन्य तेरसह्ण या ह्यध्यान तेरसह्ण भी कहते हैं।प्राचीन भारत में धन का वितरण और उपयोग धर्म और नीति के साथ जुड़ा हुआ था। व्यापारी ह्यलाभह्ण में भी ह्यलोक-लाभह्ण देखते थे। राजा अपने धन को जनकल्याण, सिंचाई, शिक्षा और सुरक्षा में लगाते थे। किन्तु आधुनिक युग में, विशेषतः पूंजीवादी व्यवस्था के प्रसार के बाद, धन का स्वरूप विकृत हुआ है। धन साधन से लक्ष्य बन गया है। इसके परिणामस्वरूप समाज में अमीरी-गरीबी की खाई, शोषण, और भ्रष्टाचार बढ़ा है। आज एक ओर अरबपतियों की गिनती बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग रोटी और दवा के अभाव में जीवन गुजार रहे हैं। धनतेरस का पर्व इस विडंबना पर आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें पुकारता है कि हम धन को केवल अपनी तिजोरी का नहीं, बल्कि समाज की समृद्धि का माध्यम बनाएं। लोकमान्यता के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन धन (वस्तु) खरीदने से उसमें तेरह गुणा वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनियाँ के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं। धनतेरस के दिन चाँदी खरीदने की भी प्रथा है, चांदी शुद्धता की प्रतीक है यहीं शुद्धता इंसानी जीवन में आये, यही इस पर्व का उद्घोष है।

महात्मा गांधी ने कहा था-ह्लपैसा अपने आप में बुरा नहीं है, परंतु जब वह मनुष्य का स्वामी बन जाता है, तब वह विनाश का कारण बनता है।ह्व धनतेरस का सच्चा संदेश यही है-धन का स्वामी बनो, उसका दास नहीं। धन के प्रति सकारात्मक दृष्टि का अर्थ है उसे साधना, सेवा और संस्कार से जोड़ना। आज आवश्यकता है कि हम धन को साझा समृद्धि, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय करुणा के उपकरण के रूप में देखें। आज विश्व अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती समान अवसरों का अभाव है। धनतेरस का यह अवसर सरकारों को भी यह संदेश देता है कि वे विकास के लिए धन का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करें। राजकोषीय नीतियाँ केवल अमीर वर्ग के लाभ के लिए नहीं, बल्कि गरीबों के सशक्तिकरण एवं कल्याण के लिए हों। धन की प्रवाह प्रणाली में नैतिकता, पारदर्शिता और संवेदना का समावेश आवश्यक है।

आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने भी धन के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। उन्होंने भगवान महावीर के आर्थिक दर्शन को आधुनिक संदर्भों में व्याख्यायित करते हुए ह्यमहावीर का अर्थशास्त्रह्ण नामक एक महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी। आचार्य महाप्रज्ञ ने स्पष्ट किया कि धन का अर्जन और उपयोग दोनों ही अहिंसक, नैतिक और संयमित होने चाहिए। उनके अनुसार धन तभी सार्थक है जब वह आत्मविकास, समाजकल्याण और न्यायपूर्ण व्यवस्था का साधन बने। उन्होंने महावीर के अर्थशास्त्र में बताया कि ह्लधन की मयार्दा उसका त्याग नहीं, उसका संयम है।ह्व यह विचार धनतेरस के मूल भाव को ही पुष्ट करता है कि धन को नकारा नहीं जाए, बल्कि उसे लोकमंगल में प्रवाहित किया जाए। धनतेरस का अर्थ केवल भौतिक संपत्ति का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, सद्गुण और आत्मबल का भी प्रतीक है। आयुर्वेद में इसी दिन धन्वंतरि जयंती भी मनाई जाती है, जो चिकित्सा और स्वास्थ्य के देवता हैं। इस परंपरा में धन का अर्थ केवल पैसा नहीं, बल्कि आरोग्य, अन्न, शिक्षा और शांति भी है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि धन और धर्म का संवाद पुनः स्थापित हो। धर्म के बिना धन अंधा है, और धन के बिना धर्म असहाय। धनतेरस हमें सिखाता है कि धन का अर्जन सत्य मार्ग से हो और उसका उपभोग सेवा मार्ग पर हो। आचार्य तुलसी ने अर्जन के साथ विसर्जन का सूत्र दिया, यानि अर्जन के साथ जनकल्याण के लिये विसर्जन का क्रम चले। मनुस्मृति में कहा गया है-ह्लधनं धर्मेण संचिनुयात्ह्व, अर्थात धन का संचय धर्म के मार्ग से ही किया जाना चाहिए।

धनतेरस केवल सोना-चांदी खरीदने का दिन नहीं, बल्कि धन की शुद्धता और सदुपयोग की तपश्चरण का पर्व है। इस तरह से धनतेरस का पर्व केवल धन प्राप्ति का नहीं बल्कि आरोग्य, आयु और समृद्धि की कामना का पर्व है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि असली संपत्ति हमारा स्वास्थ्य है। इसलिए इस दिन की पूजा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि जीवन के संतुलन और सुख-शांति का भी प्रतीक है। आज जब समाज में धन के कारण विभाजन, भ्रष्टाचार और अन्याय बढ़ रहे हैं, तब धनतेरस हमें प्रेरित करता है-धन को ह्यदिव्यताह्ण में रूपांतरित करने की। यह पर्व हमें पुकारता है कि हम धन के प्रति अपनी दृष्टि बदलें-धन को नकारें नहीं, बल्कि उसे साकार करें; धन से मोह न रखें, परंतु उसे लोकमंगल में प्रवाहित करें। जब धन का प्रवाह धर्म के संग बहता है, तभी सच्चा दीपोत्सव जगमगाता है-अंतर में भी, समाज में भी, और मानवता में भी।

# अफगानिस्तान मामले में भारत की भूमिका से मुस्लिम देशों में बढ़ी साख



अशोक भाटिया

जिस तेजी से विश्व राजनीतिक परिदृश्य पर नई दोस्ती एक साथ आ रही है और पुरानी दोस्ती टूट रही है, उससे यह जानना मुश्किल है कि किसे दोस्त माना जाए और किसे दुश्मन माना जाए। जिस अमेरिका के साथ भारत ने पिछले 25 सालों से संबंधों को मजबूत करने की कोशिश की है और अमेरिका से पूरी प्रतिक्रिया मिली है, उसने भारत के दुश्मन नंबर पाकिस्तान को चूमना शुरू कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुश्मनों के बजाय दोस्तों को प्रताड़ित कर रहे हैं। वे सौदों में रुचि रखते हैं और प्रक्रिया से नफरत करते हैं। इसलिए, यह स्वाभाविक है कि वे भारत की तुलना में तानाशाही के रास्ते पर चलने वाले पाकिस्तान को अधिक पसंद करते हैं, जो लोकतांत्रिक मार्ग पर चलता है।

उधर पाकिस्तान जो लंबे समय से खुद को इस्लामिक जगत का लीडर बताता रहा है और यह मानता रहा है कि सभी मुस्लिम देश हर मुद्दे पर उसका साथ देंगे। कश्मीर मुद्दे को इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) में उठाने की उसकी कोशिशें इस रणनीति का हिस्सा रही हैं। लेकिन हाल के घटनाक्रम और OIC के भीतर से ही भारत को लेकर नरम होते रुख ने पाकिस्तान को परेशान कर दिया है। जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर या अफगानिस्तान के साथ सीमा पर तनाव के दौरान देखा गया। तुर्की और अजरबैजान को छोड़कर ज्यादातर प्रमुख मुस्लिम देशों ने पाकिस्तान का खुला समर्थन नहीं किया। यहां तक कि उसके पारंपरिक सहयोगी सऊदी अरब और यूएई ने भी भारत के साथ रिश्तों को तवज्जो दी।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ दिनों से खींचतान चल रही है और इस कड़वाहट के खत्म होने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पाकिस्तान के बराबर दक्षिण एशिया में कोई और अधिक परेशानी वाला देश न हो, यह आवश्यकता तब और भी स्पष्ट हो जाती है जब बांग्लादेश जैसा पुराना सहयोगी अफगानिस्तान में तालिबान शासकों के प्रति शत्रुतापूर्ण हो जाता है। दूसरा, हमें एक नकदी व्यापारी बनने की आवश्यकता है, चाबहार का बंदरगाह जिसे हम ईरान में विकसित कर रहे हैं, जिसके लिए मध्य एशिया के लिए व्यापार मार्ग सुनिश्चित करने के लिए तालिबान की अनुकूलता की आवश्यकता है। यह है। पिछले साल जून में पाकिस्तान और चीन के विदेश मंत्रियों ने काबुल में मुलाकात की थी और अफगानिस्तान के माध्यम से पाकिस्तान-चीन आर्थिक गलियारे के विस्तार पर चर्चा की थी। एक व्यापार मार्ग को चुनौती देने के लिए, यह जरूरी है कि दूसरा व्यापार मार्ग चालू हो जाए। अगर वह बनना चाहता था, तो उसे तालिबान के साथ सुलह करनी होगी। अफगानिस्तान और पाकिस्तान इस समय गहन टकराव में लगे हुए हैं, और बेहतर है कि वे इस भ्रम में न रहें कि वे दोनों तरफ से पाकिस्तान को घेरने में सक्षम होंगे क्योंकि तालिबान के पास पाकिस्तान को घेरने के लिए सैन्य ताकत नहीं है, और इस क्षेत्र में चीन के व्यापारिक हितों के कारण, अगर संघर्ष एक निश्चित बिंदु से आगे बढ़ जाता है तो चीन मध्यस्थता करेगा भारत को इसके लिए इंतजार नहीं करना चाहिए और सतर्क कदम उठाने चाहिए। तालिबान की इस गारंटी का स्वागत किया जाएगा कि वे अफगान धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों की अनुमति नहीं देंगे, जिसके बाद वहां निवेश बढ़ाना होगा, जो खैबर दर्रे की ओर जाता है, जिसने दर्रे को पार करने वाली महान शक्तियों के अपमान को देखा है, और केवल खैबर दर्रे में सावधानी का यह खेल खेलने की सलाह दी जाती है।

यूएई और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देश अब पाकिस्तान की कश्मीर केंद्रित कूटनीति से दूरी बना रहे हैं। ये देश अब अपनी ऊर्जा जरूरतों, निवेश, व्यापार और प्रवासी भारतीयों की विशाल संख्या के कारण भारत को एक महत्वपूर्ण साझेदार मानते हैं। हाल ही में, यूएई और सऊदी अरब ने पाकिस्तान के कुछ शहरों के नागरिकों को वीजा देने पर प्रतिबंध लगाने जैसे कदम उठाए हैं, जो पाकिस्तान के प्रति उनके बदलते नजरिए को दशार्ते हैं। ये देश भारत में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहे हैं और भारत के साथ स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप बढ़ा रहे हैं।

मुस्लिम मुल्क, खासकर खाड़ी देश अब अपनी अर्थव्यवस्थाओं की निर्भरता तेल से हटाकर इन्वेस्टमेंट पर करना चाहते हैं। भारत की मजबूत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था उनके लिए एक आकर्षक बाजार और इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन है। वे आतंक, अस्थिरता और संघर्ष की राजनीति से दूर हटकर लंबे समय तक वाली आर्थिक साझेदारी चाहते हैं, जो सिर्फ भारत उन्हें दे सकता है। यही वजह है कि मुस्लिम देशों में भारत को लेकर नजरिया काफी हद तक बदल गया है। अब वे पाकिस्तान के मुकाबले भारत को एक ज्यादा स्थिर, आर्थिक रूप से मजबूत और भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखते हैं।1, भारत, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और खाड़ी देशों के लिए एक बड़ा व्यापारिक भागीदार है। लाखों भारतीय प्रोफेशनल्स खाड़ी देशों की इकोनॉमी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहरीन, वअए, फिलिस्तीन और सऊदी अरब जैसे देशों से सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलना, इन देशों के साथ भारत के प्रगाढ़ होते संबंधों को दशार्ता है।2, मिस्र के साथ भारत के संबंध अशोक के शिलालेखों तक पुराने हैं। महात्मा गांधी और साद जघलौल ने दोनों देशों के रिश्तों को एक नया मुकाम दिया था। इस तरह के गहरे सभ्यतागत संबंध कई मुस्लिम देशों के साथ भारत के हैं, जो केवल धर्म पर आधारित नहीं हैं, बल्कि इतिहास और साझा मूल्यों पर टिके हैं।3, तुर्की और पाकिस्तान के बीच सैन्य सहयोग भारत के लिए चिंता का विषय रहा है, लेकिन दूसरी तरफ, भारत कई अरब देशों के साथ सैन्य अभ्यास और रक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। यह जियोपॉलिटकल बैलेंस को भारत के पक्ष में झुकाता है।

अफगानिस्तान के मामले में भारत ने जिस तरह की भूमिका ली है, उससे मुस्लिम देशों में साख बढ़ी है। भारत वहां अरबों डॉलर का इन्वेस्टमेंट किया है। स्कूल, सड़कें और यहां तक कि अफगान संसद भवन का निर्माण भी कराया। 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भी भारत ने इंगेजमेंट विदाउट रिकॉग्निशन की नीति अपनाई और काफी मदद की।भारत की इस नीति ने अफगानिस्तान के लोगों का दिल जीत लिया। पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच तालिबान के साथ भारत का टेक्निकल मिशन के माध्यम से सीमित जुड़ाव पाकिस्तान के विरोधियों के साथ संबंध बनाने की चाणक्य नीति जैसा है, जिससे मुस्लिम देशों में भी भारत की कूटनीतिक कुशलता का संदेश जाता है।

फिलिस्तीन का मुद्दा मुस्लिम देशों के लिए दिल से जुड़ा हुआ है। चाहे ईरान हो, कतर, मिस्र, सऊदी या फिर यूएई सब वहां शांती चाहते हैं। एक स्वतंत्र फिलिस्तीन बनाने की ख्वाहिश रखते हैं। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया अमेरिका के आगे जी हजूरी करने में लगी है, भारत फिलिस्तीन की आवाज बनकर डटकर खड़ा है। लगातार अमीर देशों को चेता रहा है कि फिलिस्तीन की बात सुने। फिलिस्तीन से किए वादे पूरे करो। भारत ने वहां मदद भी भेजी है। इन सब चीजों ने मुस्लिम देशों को भारत के साथ जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। मिस्र के विदेश मंत्री का यह दौरा स्वयं भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है। इसके अलावा, खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर बातचीत तेज होना भारत के साथ रिश्तों की नई कहानी कहता है।

# आत्मा की शुद्धि और चेतना की ज्योति का पर्व है दीवाली



-सुरेश गांधी



**जब तक कहीं भी असत्य, अन्याय या असमानता रूपी अंधेरा है, तब तक हमें अपने भीतर की ज्योति प्रज्ज्वलित करते रहना होगा। दीपावली केवल त्योहार नहीं, यह सतत आत्मजागरण की यात्रा है। दीपावली केवल बाहर के घरों को नहीं, बल्कि भीतर की आत्मा को आलोकित करती है। यह हमें याद दिलाती है कि हर व्यक्ति के भीतर एक रावण है, अहंकार, क्रोध और अज्ञान का प्रतीक, जिसे जलाना आवश्यक है। दीयों की यह श्रृंखला केवल मिट्टी के दीपक नहीं, बल्कि उम्मीदों के उजाले हैं, जो हर बार जीवन को यह विश्वास दिलाते हैं, अंधकार चाहे जितना भी गहरा क्यों न हो, एक दीपक पर्याप्त है उसे मिटाने के लिए। या यूं कहे हर दीप एक संकल्प है, तमस से ज्योति की ओर बढ़ने का। तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात अंधकार से प्रकाश की ओर, अविद्या से ज्ञान की ओर, और अन्याय से न्याय की ओर यात्रा। यह केवल भारतीय संस्कृति का नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का उत्सव है, जहां मनुष्य अपने भीतर की सीमाओं को लांघ कर उजास की तलाश करता है. दीपावली हर वर्ष हमें यही स्मरण कराती है कि जब तक मनुष्य के भीतर अंधेरा है, तब तक उसे दीप जलाते रहना होगा, क्योंकि दीप केवल घर को नहीं, चेतना को भी प्रकाशित करता है**

अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व है दीपावली। यह केवल दीपों की ज्योति से सजे घरों और रोशनी से जगमगाती गलियों का उत्सव नहीं, बल्कि यह अंतर्मन को आलोकित करने वाला आध्यात्मिक पर्व है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जब बाहरी अंधकार बढ़ता है, तब भीतर का प्रकाश जगाने की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। मतलब साफ है दीपावली का अर्थ केवल घर सजाने, धन की प्राप्ति या पटाखों की गूंज भर नहीं है। यह वह क्षण है जब हम अपने भीतर के अंधकार, अज्ञान, अहंकार, अन्याय, असमानता, ईर्ष्या और मोह, को पहचानते हैं और उन्हें मिटाने का संकल्प लेते हैं। जैसा कि कहा गया है, ह्लसत्याधारस्तपस्तैलं, दयावर्तिः क्षमा शिखा...ह्व अर्थात दीपक का आधार सत्य हो, उसमें तप का तेल हो, बाती दया की और लौ क्षमा की हो। यही दीप, मानवता की सच्ची ज्योति है। दीपावली केवल बाहरी दीयों की नहीं, बल्कि भीतरी ज्योति की साधना है। यदि मन में करुणा न हो, सत्य न हो, क्षमा का भाव न हो, तो लाख दीपक जला लें, समाज का अंधकार नहीं मिटेगा। दीपावली तभी सार्थक है जब हम अपने भीतर का दीप जलाएं। यह ज्योति आत्मविश्वास का, विवेक का और धर्म का प्रतीक है। इसी से जीवन की दिशा निर्धारित होती है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में दीप प्रज्ज्वलन को तमसो मा ज्योतिर्गमय, अर्थात अंधकार से प्रकाश की ओर प्रस्थान कहा गया है।

राम के आलोक का अर्थ

त्रेतायुग की उस अमावस्या को जब श्रीराम चौदह वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटे, तब उनके स्वागत में दीपों की असंख्य पंक्तियां जलीं। वह केवल विजयोत्सव नहीं था, बल्कि एक युग के पुनर्जागरण का प्रतीक था। कैकेयी के मन का अंधेरा मिटा था, मंथरा की कुटिलता मरी थी और अयोध्या का हृदय प्रकाश से भर उठा था। आज भी जब हम दीप जलाते हैं, तो वह केवल परंपरा नहीं निभाते, बल्कि यह संकल्प दोहराते हैं कि हर वर्ष अपने भीतर की लंका को जलाकर, मन में राम की अयोध्या बसाएं। आज जब समाज धन को ही सुख का पर्याय मान बैठा है, दीपावली हमें याद दिलाती है कि लक्ष्मी की कृपा तभी स्थायी है जब उसके साथ सरस्वती और गणेश की उपस्थिति भी हो। धन के साथ बुद्धि और ज्ञान न हो तो वह विनाश का कारण बनता है। धन की दौड़ में ज्ञान और करुणा को खो देना अंधकार में लौटना है। सच्चा उत्सव तब है जब हम अपने ज्ञान, संस्कार और सृजन की ज्योति को प्रज्ज्वलित करें। दीपावली का सबसे बड़ा संदेश है, ह्लअंधकार से लड़ना।ह्व समाज में व्याप्त अशिक्षा, गरीबी, असमानता, कट्टरता और स्वार्थ जैसे अंधेरे से जूझना ही दीपोत्सव की सच्ची साधना है।

श्रीराम ने जैसे वनवासियों, भालू-बंदरों और समाज के सबसे कमजोर वर्ग को साथ लेकर रावण जैसे बलशाली का अंत किया, वैसे ही हमें भी अपने समाज के ह्यरावणह्ण, भ्रष्टाचार, हिंसा, असमानता और अन्याय से मिलकर लड़ना होगा। दीपावली इस बात की भी प्रेरणा देती है कि एक अकेला दीपक भी अंधकार को चुनौती दे सकता है। अगर हर व्यक्ति अपने हिस्से का एक दीपक जलाए, तो पूरा समाज उजाला बन जाएगा। मतलब साफ है दीपावली केवल उत्सव नहीं, बल्कि तमाम जिंदगियों का उजाला है। यह वह क्षण है जब जीवन के कोने-कोने में ज्योति उतरती है, जब निराशा के तम से आशा का दीप झिलमिलाने लगता है। अर्श से लेकर फर्श तक हर ओर प्रकाश की छटा बिखर जाती है। मकान-दुकान, आंगन-दफ्तर, सबमें स्वच्छता और सौंदर्य का नया अध्याय रचता है। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी इस तरह झूमते नजर आते हैं मानो सृष्टि का आनंद उनके भीतर समा गया हो। यह केवल दीयों का पर्व नहीं, बल्कि मानव चेतना के जागरण का उत्सव है, वह क्षण जब मनुष्य अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर उसे प्रकाश में रूपांतरित करता है। यह पर्व धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक तीनों स्तरों पर हमारी चेतना को आलोकित करता है। जब दीप जलता है तो अंधकार अपने आप छट जाता है, यही इस पर्व का संदेश है कि प्रकाश फैलाना ही अंधकार मिटाने का उपाय है.

ज्ञान का उत्सव मनाने का समय

आज भारत नॉलेज इकोनॉमी की बात करता है, परंतु ज्ञान का अर्थ केवल जानकारी या नौकरी का साधन नहीं है। प्राचीन भारत में ज्ञान का अर्थ था, विवेक, संवेदना और आत्मबोध। इस दीपावली, हमें सरस्वती के आशीर्वाद से लक्ष्मी को बुलाने की भावना को फिर से जीवित करना होगा। तभी समाज में धन भी पुण्य बनेगा, और समृद्धि भी संतुलन का प्रतीक।

स्वच्छता और संवेदना का दीपोत्सव

दीपावली से पहले घरों की सफाई केवल दिखावे के लिए नहीं की जाती; यह प्रतीक है मन और परिवेश को निर्मल करने का। मगर विडंबना है कि हम घर तो सजाते हैं, लेकिन समाज की गलियों में गंदगी फैला देते हैं। देवी लक्ष्मी को स्वच्छता प्रिय है, इसलिए यदि हम सच में उनका स्वागत करना चाहते हैं, तो अपने घर के बाहर की दुनिया को भी स्वच्छ रखना होगा, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से।

सच के साथ होती है लक्ष्मी

पौराणिक कथाएं हमें बताती हैं कि लक्ष्मी केवल वहीं टिकती हैं जहां धर्म और सत्य का वास हो। रावण की लंका सोने की थी, पर वह विनाश का प्रतीक बनी। जबकि राम की अयोध्या, मयार्दा और धर्म का प्रतीक बनकर आज भी स्मरणीय है। लक्ष्मी कभी स्थायी नहीं रहतीं, वह परीक्षा लेती हैं कि हम धन के दास हैं या उपयोगकर्ता। जब धन का उपयोग समाज के कल्याण में होता है, तब ही वह लक्ष्मी बनता है, अन्यथा वह अलक्ष्मी के रूप में अभिशाप साबित होती है।

उजाले की ओर बढ़ने का संकल्प

दीपावली हमें हर वर्ष यह याद दिलाने आती है कि जो नया सृजन करता है, उसे अंधकार कभी दबा नहीं सकता। उजाला अंततः विजय पाता है। इसलिए, इस दीपावली अपने घर के साथ-साथ अपने अंतर्मन की मुंडेर पर भी दीप जलाइए, सत्य का, दया का, क्षमा का और विवेक का। आपका एक दीप किसी और के अंधकार को मिटा सकता है। यही दीवाली का सार है, अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए भी उजाला करना।

महालक्ष्मी : संपन्नता, सौंदर्य और सौभाग्य की अधिष्ठात्री

दीपावली का मूल तत्व महालक्ष्मी की आराधना में निहित है। वे दैहिक, दैविक, भौतिक, सभी प्रकार की संपत्तियों की अधिष्ठात्री हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि इस दिन विधिपूर्वक किया गया लक्ष्मी पूजन व्यक्ति को न केवल भौतिक समृद्धि देता है, बल्कि उसके जीवन से आर्थिक संकटों को दूर करता है। परंतु लक्ष्मी का आगमन केवल धन से नहीं होता, ज्ञान, बुद्धि और विवेक के साथ ही उनका वास संभव है। यही कारण है कि लक्ष्मी पूजन के साथ भगवान गणेश और मां सरस्वती की उपासना अनिवार्य मानी गई है।

तमसो मा ज्योतिर्गमय

उपनिषदों का यह मंत्र दीपावली का सार है, अंधेरे से प्रकाश की ओर चलो। यह प्रकाश बाहरी दीपों से कहीं गहरा है. यह उस चेतना का दीप है जो भीतर जलता है। जब भीतर का दीप जलता है, तब बाहर का अंधकार स्वतः मिट जाता है। यही दीपावली का रहस्य है, आत्मा का आलोक।

धनतेरस से भाई दूज तक : आनंद की श्रृंखला

दीपावली उत्सव एक श्रृंखला की तरह है जो धनतेरस से प्रारंभ होकर भाई दूज पर पूर्ण होती है। धनतेरस पर घर-घर में शुभ खरीदारी होती है, नरक चतुर्दशी बुराई के अंत का प्रतीक बनकर आती है, और दीपावली की अमावस्या का अंधकार दीपों की रोशनी में रूपांतरित होकर संदेश देता है कृ हर कालरात्रि के पार भी एक प्रभात है। गोवर्धन पूजा से लेकर भाई दूज तक यह पर्व केवल पूजा-पाठ का ही नहीं, बल्कि रिश्तों, प्रेम और आस्था के पुनर्जागरण का भी अवसर है।

आस्था का अनुशासन

दीपावली की रात्रि महानिशीथ कहलाती है। इस रात विधिपूर्वक लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती और कुबेर का पूजन किया जाता है। ताम्बे के कलश में गंगाजल, दूध, दही, शहद और सिक्के रखकर लाल वस्त्र से आवृत किया जाता है। पंचमुखी दीपक प्रज्ज्वलित कर महालक्ष्मी का आवाहन किया जाता है। यह पूजन केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का प्रतीक है, भीतर की दरिद्रता और अंधकार को मिटाकर समृद्धि का द्वार खोलने का प्रयास।

बहीखातों से कुबेर तक : समृद्धि का संकेत

व्यापारी वर्ग के लिए दीपावली विशेष महत्व रखती है। इस दिन नए बहीखातों, कंप्यूटरों और लेखा पुस्तकों का पूजन किया जाता है। यह केवल आर्थिक आरंभ नहीं, बल्कि श्रीगणेशाय नमः के साथ नए वर्ष की शुभ शुरूआत का प्रतीक है। कुबेर पूजन से धन की स्थायित्व की कामना की जाती है, जिससे घर और व्यापार दोनों में संपन्नता बनी रहे।

क्यों होती है आतिशबाजी?

दीपावली की रात अमावस्या की होती है। पुराणों में कहा गया है कि इस दिन पितरों की यात्रा आरंभ होती है, इसलिए आकाश में रोशनी कर मार्गदर्शन की परंपरा प्रचलित हुई। समय के साथ यह परंपरा आतिशबाजी के रूप में विकसित हुई, जो अब आनंद का प्रतीक बन चुकी है।

धन और बुद्धि का संतुलन

एक प्राचीन कथा के अनुसार एक राजा ने लकड़हारे को चंदन का जंगल उपहार में दिया, परंतु अज्ञानवश लकड़हारा उसे जलाने लगा। राजा ने समझाया, धन तभी फल देता है जब उसके साथ बुद्धि जुड़ी हो। यही कारण है कि लक्ष्मी के साथ गणेश की पूजा की जाती है ताकि धन के साथ उसे सदुपयोग करने की बुद्धि भी प्राप्त हो।

राम, कृष्ण और महावीर, तीनों में एक ही संदेश

दीपावली का धार्मिक इतिहास बहुरंगी है। रामायण के अनुसार, यह वह रात है जब 14 वर्ष का वनवास समाप्त कर श्रीराम अयोध्या लौटे थे, और अयोध्या दीपों की रोशनी से आलोकित हुई थी। श्रीमद्भागवत में भगवान कृष्ण ने इसी दिवस से पूर्व नरकासुर का वध कर पृथ्वी को आतंक से मुक्त किया था, यह बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। और जैन धर्म के अनुसार, यही वह दिन है जब भगवान महावीर ने निर्वाण प्राप्त किया, अर्थात आत्मा ने पूर्ण प्रकाश का अनुभव किया। तीनों कथाओं में एक साझा सूत्र है, प्रकाश का प्रस्फुटन, अंधकार का अंत।

मन के अंधकार से संघर्ष ही असली दीपावली

दीपावली हमें सिखाती है कि बाहरी अंधकार से अधिक भयानक वह अंधेरा है जो भीतर पनपता है, लोभ, ईर्ष्या, घृणा और असहिष्णुता का अंधेरा। जब तक हम इसे नहीं मिटाते, तब तक कोई रोशनी हमें प्रकाशित नहीं कर सकती। भारतीय दर्शन कहता है कि अंधकार अनादि है, पर उसे जीतने का संकल्प मानव के भीतर है। जब आदिमानव ने पहली बार तेल-बत्ती में अग्नि जलाई, तो उसने केवल रोशनी नहीं पैदा की, बल्कि संघर्ष की चेतना भी जगाई। उसी क्षण मानव सभ्यता ने अंधेरे से लोहा लेना सीखा।

राम की अयोध्या और मन की अयोध्या

श्रीराम की अयोध्या वापसी पर जो दीप जले थे, उन्होंने न केवल नगर को आलोकित किया, बल्कि मानव चेतना को भी। उन दीपों की लौ आज भी हमें स्मरण कराती है, अपने मन की लंका में बसे रावण को जलाकर वहाँ राम की अयोध्या बसाओ। जब तक असत्य, अन्याय या असमानता रूपी अंधकार रहेगा, तब तक दीप जलाते रहना होगा। यह दीप केवल तेल और बत्ती का नहीं, बल्कि संघर्ष और संकल्प का प्रतीक है।

राम का रूपांतरण और दीपावली का सच्चा अर्थ

दिवाली श्रीराम के लौटने का ही नहीं, बल्कि उनके रूपांतरण का पर्व भी है। यह उस क्षण का स्मरण है जब वनवासी राम राजा राम बने, मयार्दा और न्याय के प्रतीक। आज समाज को फिर ऐसे ही राम की आवश्यकता है, तपस्वी, स्त्री-रक्षक, समाज-संरक्षक राम की, न कि केवल मंदिरों में पूजित राजा राम की। दीपावली हमें बताती है कि अंधकार से लड़ाई उधार की रोशनियों से नहीं, बल्कि अपने अनुभव और तप की रोशनी से लड़ी जाती है।

पांच पर्वों में छिपा जीवन-दर्शन

दीपावली केवल एक दिन का नहीं, बल्कि पाँच पर्वों का उत्सव है, धानतेरस स्वास्थ्य और धन के संतुलन का प्रतीक है। नरक चतुर्दशी बुराई पर विजय का स्मरण कराती है। दीपावली लक्ष्मी, गणेश और सरस्वती की आराधना का दिन है, जहाँ ज्ञान, बुद्धि और संपन्नता का संगम होता है। गोवर्धन पूजा प्रकृति के संरक्षण का संदेश देती है। भाई दूज स्नेह और पारिवारिक प्रेम का प्रतीक है। ये पाँचों पर्व मिलकर मनुष्य के लौकिक जीवन पर अलौकिक आभा बिखेरते हैं। कहा जा सकता है दीपावली केवल घर सजाने और आतिशबाजी करने का नाम नहीं। यह आत्मसंस्कार और सह-अस्तित्व का पर्व है। यह हमें याद दिलाती है कि जब तक समाज में कोई वंचित या दुखी है, तब तक प्रकाश अधूरा है। दीपावली का सच्चा अर्थ तभी पूरा होगा जब हर झोपड़ी, हर द्वार, हर हृदय में दीप जल सके।

# MEIL को कुवैत में 225.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की परियोजना-वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में भारत की दमदार मौजूदगी

**मुंबई/कुवैत।** भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की अग्रणी कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड (MEIL) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को कुवैत ऑयल कंपनी (KOC) से 225.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर (69.23 मिलियन KWD) का महत्वपूर्ण अनुबंध प्राप्त हुआ है।

इस परियोजना के अंतर्गत पश्चिमी कुवैत के तेल क्षेत्रों में गैस स्वीटनिंग और सल्फर रिकवरी फैसिलिटी (NGSF) का डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव किया जाएगा। यह परियोजना बिल्ड-ओन-ऑपरेट (BOO) मॉडल पर क्रियान्वित की जाएगी, जिसमें KOC को भविष्य में इस सुविधा को पुनः खरीदने का विकल्प मिलेगा।



यह अत्याधुनिक सुविधा 790 दिनों में पूरी की जाएगी, जिसके बाद MEIL अगले पाँच वर्षों तक इसका संचालन और रखरखाव करेगी। शुद्ध गैस को निर्जलित कर मीना अहमदी रिफाइनरी के एलपीजी संयंत्र में भेजा जाएगा। यह परियोजना कुवैत की स्वच्छ ईंधन उत्पादन और पर्यावरण सुरक्षा नीतियों के अनुरूप होगी।

इस समझौते के साथ MEIL ने मध्य पूर्व में तेल और गैस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और अधिक मजबूत किया है। कंपनी ने राजस्थान और मंगोलिया की रिफाइनरियों के लिए SRU परियोजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर अपनी तकनीकी विशेषज्ञता को सिद्ध किया है।

वैश्विक मंच पर भारत की पहचान

MEIL वर्तमान में मंगोलिया, तंजानिया और अन्य देशों में पेयजल, ऊर्जा और हाइड्रोकार्बन क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। ऐसी परियोजनाएँ भारत के बुनियादी ढाँचे को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिला रही हैं और देश की तकनीकी क्षमता को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित कर रही हैं।

# स्वदेशी मेला आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कदम: कुलपति

## आज स्वदेशी मेला महिला सशक्तिकरण पर रहा केंद्रित




जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के बीआरपी इंटर कालेज के मैदान में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 का आयोजन किया गया है। स्वदेशी मेले में हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों को आम जनमानस के द्वारा स्वदेशी खरीदारी की जा रही है। मेले में विविध स्थानीय उत्पाद व स्टॉल भी लगाए गए हैं। आज कार्यक्रम के 9वें दिन मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रो० वंदना सिंह, पूर्व विधायक डॉ० सुरेंद्र सिंह, जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र सहित मातृ शक्तियों तथा अन्य प्रबुद्धजन के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थी अमरजीत सिंह के द्वारा सभी मातृ शक्तियों को साफा पहनाया गया। इसके उपरांत मा० मुख्य अतिथि मा० कुलपति सहित अन्य मातृशक्ति और विशिष्टजन के द्वारा क्रमवार स्टालों का निरीक्षण किया गया और मुख्य अतिथि सहित अन्य द्वारा सजावटी वस्तुएं दरी, साड़ी सहित अन्य स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी की गई तथा विक्रेताओं को प्रोत्साहित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग की छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिक्षिकाओं के द्वारा सरस्वती गीत प्रस्तुत किया गया। अर्पिता, आरजू द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कंपोजिट विद्यालय की बच्चियों के द्वारा दीपावली के अवसर पर दीया लेकर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कौशल विकास मिशन की महिलाओं के द्वारा स्वनिर्मित वस्त्रों के साथ रैंप शो की प्रस्तुति दी गई, रैंप वॉक में शामिल सभी महिलाओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कुलपति ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का सपना है 2047 तक भारत को विकसित और समर्थ उत्तर प्रदेश बनाना है यह तभी संभव हो पाएगा जब हम आत्मनिर्भर होंगे, स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों का उपयोग करेंगे। स्वदेशी मेला आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं हिस्सा लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादों का निर्माण और विक्रय कर रही है। आज महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है, यह बड़ी उपलब्धि है। स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करेंगे तो निश्चित रूप से विदेशी सामानों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। देश का पैसा देश में ही रहेगा, जिससे हमारे देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। पूर्व विधायक डॉ० सुरेंद्र प्रताप सिंह ने भी देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र ने कहा कि स्वदेशी मेला का आज का दिन मातृशक्तियों के लिए समर्पित है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं, जिसके लिए आप सभी समर्थ पोर्टल पर अधिक से अधिक सुझाव दे। इस दौरान कुलपति ल द्वारा नफीस फातिमा, प्रियंका सहित अन्य महिलाएं जिन्होंने महिला एवं बाल विकास कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की दो महिला लाभार्थियों को 05 लाख का चेक वितरित किया गया। इस दौरान अतिथियों सहित अन्य ने पौधों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपजिलाधिकारी बदलापुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव केशलाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ० विनोद कुमार सिंह, प्रोफेसर मनोज मिश्रा, डॉ० अनु त्यागी, डॉ० दिग्विजय सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण आमजनमानस उपस्थित रहे।

# महाराजगंज अनुमंडल में अंतिम दिन 26 नामांकन




सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत गोरिया कोठी और महाराजगंज विधानसभा से आगामी विधान सभा चुनाव 2025 के दौरान अंतिम दिन तक कुल एन आर 34 कटा, जब कि नामांकन दोनों विधान सभा में मात्र 26 ही हो पाया। बिहार विधान सभा चुनाव के लिए सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज अनुमंडल कार्यालय में 111-गोरियाकोठी और 112-महाराजगंज विधानसभा का नामांकन अलग-अलग कक्षा में दिया जा रहा है। गोरियाकोठी विधान सभा के आरओ डीसीएलआर अमन कुमार व महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र के आरओ एसडीएम अनीता सिन्हा बनाई गई है। शुक्रवार के दिन तक 111-गोरिया कोठी विधानसभा से कुल 11 प्रत्याशी ने नामांकन किया है। जबकि 112 महाराजगंज विधानसभा से अब तक 15 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा एसडीओ के समक्ष पर्चा भरा है। महाराजगंज से 15 और गोरेयाकोठी से अबतक 11 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

# राजद की सरकार बनी तो महाराजगंज बनेगा जिला: जयसवाल



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत 112-महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी सीवान के एम एल सी विनोद जायसवाल के पुत्र विशाल जायसवाल ने राजद से नामांकन करने के बाद एक सभा को संबोधित किया ।कहा राजद की सरकार बनने पर महाराजगंज के लिए कहा हम सबसे पहले महाराजगंज को जिला बनवाएंगे। युवाओं को रोजगार और महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना हमारी प्राथमिकता होगी। राजद ने माई-बहिन सम्मान योजनाः के तहत प्रत्येक बहन को प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का वादा किया है। इसके अलावा, राजद ने युवाओं के लिए भी कई योजनाएं घोषित की हैं, जिनमें सरकारी नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान करना शामिल है।

# हमसफर एक्सप्रेस की चपेट में आने से सास की मौत, बहू का कटा हाथ बच्चे सुरक्षित



**-दिनेश विश्वकर्मा**

**बरसठी, जौनपुर (उत्तर शक्ति)।** बरसठी थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में साथ मौजूद दो छोटे बच्चे बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार, बरसठी थाना क्षेत्र के हंसिया गांव निवासी धर्मेंद्र गिरी की पत्नी सुशीला गिरी (56) अपनी बहू लक्ष्मी देवी और दो छोटे बच्चों के साथ किसी कार्यवश जौनपुर गई थीं। शाम को लौटते समय वे रायबरेली जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस से बरसठी रेलवे स्टेशन पर उतरीं और पैदल रेलवे क्रॉसिंग पार कर घर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान बरसठी क्षेत्र के गोठांव गांव के समीप, पीछे से तेज रफ्तार से आ रही हमसफर एक्सप्रेस (04055) की चपेट में पूरा परिवार आ गया। हादसे में सुशीला देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहू लक्ष्मी देवी का एक हाथ शरीर से अलग हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण सहम उठे और बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बरसठी देवानंद रजक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और गंभीर रूप से घायल लक्ष्मी देवी को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। इस हृदयविदारक हादसे से पूरे बरसठी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव में मातम का माहौल व्याप्त है।

# एमएमआर स्टील मार्केट कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद प्रजापत भापड़ी का भव्य स्वागत



मुंबई(उत्तरशक्ति)। मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली के नेतृत्व में आज एमएमआर स्टील मार्केट कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद प्रजापत भापड़ी का उनके कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस स्वागत समारोह में सांचौर प्रजापत समाज के अध्यक्ष व कोड सरपंच प्रतिनिधि किशन प्रजापत, प्रजापत समाज मुंबई के अध्यक्ष प्रभुराम प्रजापत, कोषाध्यक्ष खुमाराम प्रजापत, सचिव भगवानाराम प्रजापत तथा समाज के प्रमुख सदस्यगण पोपट प्रजापत, रायमल प्रजापत, महेंद्र प्रजापत एवं सावलाराम प्रजापत उपस्थित रहे। समाजजनों ने प्रहलाद प्रजापत को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएँ दीं और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में कमेटी नई ऊँचाइयों को छुएगी। इस कार्यक्रम ने समाज में आपसी एकता और सहयोग की भावना को और भी सुदृढ़ किया।

# तेज रफ्तार बना जानलेवा: सड़क हादसे में ऑटो पलटने से महिला की मौत, कई घायल



बरसठी (जौनपुर)। थाना बरसठी क्षेत्र में शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बसहरा की छात्राएं और उनके अभिभावक घायल हो गए। बताया गया कि विद्यालय से दिवाली की छुट्टी के बाद घर लौटते समय एक तेज रफ्तार ऑटो अचानक पलट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं। साथ ही दो छात्राओं को भी चोटें आईं। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसठी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा बरसठी थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप से लगभग 50 मीटर दूर अचानकनगरझनिगोह मार्ग पर हुआ। करीब दर्जनभर छात्राएं और चार अभिभावक एक ही ऑटो में सवार होकर मियाचक से निगोह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ऑटो चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में पलट गया। सूचना मिलते ही बरसठी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने ऑटो चालक दीपक मोदनवाल निवासी मियाचक, हंसिया को हिरासत में लेकर वाहन कब्जे में ले लिया है। इलाज के दौरान शीला (40) पत्नी छोटू निवासी आमापुर, निगोह की मौत हो गई। घायलों में सीमा (38) पत्नी रविशंकर निवासी गहली और बिंदु (27) पत्नी पप्पू निवासी गहली शामिल हैं, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायल छात्राओं में अंशी (7) पुत्री पप्पू सरोज और प्रिंसी (11) पुत्री नंदलाल, दोनों निवासी गहली, शामिल हैं। अन्य छात्राओं में अफसरी पत्नी पिंटू निवासी राजापुर परियत तथा उनकी बेटियां आदिवा और आलिया (कक्षा 8), सायरी पुत्री रुस्तम (कक्षा 7), अंकिता पुत्री शिवप्रकाश (कक्षा 6), अर्पिता पुत्री शिवप्रकाश (कक्षा 6), अर्पिता पुत्री आशीष (कक्षा 6) और सोनाक्षी पुत्री रविशंकर (कक्षा 6) भी सवार थीं। बरसठी थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ऑटो चालक दीपक मोदनवाल के नशे में होने की पुष्टि हुई है। चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार ही इस हादसे की मुख्य वजह रही। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दीप ज्योति पर्व की तैयारियां, रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों से सजेगा विश्वनाथ धाम



वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में इस बार के छह दिवसीय दीप ज्योति पर्व की तैयारियां जोर-शोर से आरंभ हो गई हैं। भक्तों को अपूर्व आध्यात्मिक अनुभव देने के लिए धाम परिसर को सुगंधित पुष्पों और विद्युत झालरों से सजाया जाएगा। गुरुवार से बाबा धाम में सजावट का कार्य शुरू हो जाएगा और पूरी प्रक्रिया तकरीबन छह दिनों तक चलेगी।

धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि परिसर में रंग-बिरंगे पुष्पों के साथ ही बाबा को प्रिय सुगंधित फूलों से वातावरण को पवित्र और मोहक बनाया जाएगा। दीप ज्योति पर्व के दौरान पूरे धाम में धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इस पर्व के दौरान धनतेरस के दिन मां अन्नपूर्णा का दरबार खुलेगा। इसमें मां भक्तों पर दोनों हाथों से अपने आशीर्वाद और खजाने की वर्षा करेंगी। अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर मां अन्नपूर्णा और बाबा विश्वनाथ को 56 प्रकार के भोग के रूप में लगभग 14 क्विंटल मिठाइयों और अन्य व्यंजनों का अर्पण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भोग में शामिल मिठाइयों में विभिन्न प्रकार के लड्डू और नमकीन शामिल होंगे। इन्हें मंदिर प्रशासन द्वारा स्वयं बनवाया जाएगा, जबकि अन्य व्यंजन विश्वसनीय स्थानीय दुकानों से मंगाए जाएंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भक्तों को पारंपरिक स्वाद और शुद्धता का अनुभव प्राप्त हो। दीपावली के दिन बाबा धाम के परिसर में विद्युत झालरों और दीपमालिकाओं से जगमगाहट होगी। इसके अलावा मंदिर चौक में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें भजन, कीर्तन और अन्य धार्मिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

# दीपावली के अवसर पर नमो मेडिकल कॉलेज सिलवासा के डीन डॉ. आर.सी. गोयल का सम्मान



**(-कैलाश यादव )** सिलवासा(दमन)। दीपावली के पावन अवसर पर उत्तर यादव युवा संघ गुजरात प्रदेश की एक प्रतिनिधिमंडल टीम ने नमो मेडिकल कॉलेज, सिलवासा के डीन डॉ. आर.सी. गोयल से शिष्टाचार मुलाकात की और उनका सम्मान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता कैलाश चंद्रधारी यादव, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष हरिराम यादव, वलसाड जिला उपाध्यक्ष पारस यादव, और दमन दीव महासचिव विनय यादव मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. गोयल को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर समाजसेवा के प्रति उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. आर.सी. गोयल ने कहा, समाज की सेवा के लिए हम सदैव तत्पर हैं। यदि हमारे लायक कोई भी कार्य होगा तो हम 24 घंटे समाज के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह मुलाकात आपसी सहयोग और सामाजिक विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है।

# धनवर्षा का अबूझ मुहूर्त : आज जगमगाएंगे बाजार, चमकेगी लक्ष्मी कृपा

वाराणसी. धनतेरस का पर्व इस बार शनिवार, 18 अक्तूबर को मनाया जा रहा है, जो दीपोत्सव की छह दिवसीय श्रृंखला की शुरूआत का प्रतीक है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि दोपहर 12:18 बजे से आरंभ होकर अगले दिन 1:51 बजे तक रहेगी। अबूझ मुहूर्त में खरीदारी के लिए यह दिन अत्यंत मंगलकारी माना गया है। धनतेरस केवल खरीदारी का पर्व नहीं, यह श्रद्धा और समृद्धि का संगम है। जब देवगुरु का आशीष, लक्ष्मी की कृपा और दीपों की ज्योति एक साथ मिलती है, तब संसार नहीं, जीवन स्वयं उजियारा बन जाता है। शहर के चौक, गलियों और मंदिरों में दीपमालाएं सजाई जा रही हैं। चारदीवारी क्षेत्र में थीम-आधारित लाइटिंग की गई है, वहीं कई कॉलोनियों में अयोध्या की तर्ज पर दीपोत्सव मनाने की तैयारियाँ हैं। गृह प्रवेश, वाहन पूजन और नवनिर्मित मकानों में शुभारंभ के कार्यक्रमों की भी बाढ़ है। धनतेरस केवल खरीदारी नहीं, श्रद्धा और समृद्धि का संगम है। इस दिन जब देवगुरु का योग, लक्ष्मी का आशीर्वाद और दीपों की लौ मिलती है, तब घर ही नहीं, जीवन भी जगमगा उठता है। शहर के सभी प्रमुख बाजार दीपावली की सजावट में नहाए हुए हैं। बर्तनों की दुकानों से लेकर आभूषण बाजार तक रोशनी से जगमगा उठे हैं। व्यापारी मुन्नालाल यादव के अनुसार, इस बार हल्के वजन और आकर्षक डिजाइन वाले बर्तनों की मांग सबसे अधिक है। परिवारों के छोटे होने के कारण छोटे आकार के स्टील, पीतल और तांबे के बर्तन तेजी से बिक रहे हैं। ?400 से लेकर हजारों रुपये तक के बर्तनों की रेंज में ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। त्योहार के मौसम में इलेक्ट्रॉनिक, वाहन, आभूषण, कपड़े और प्रॉपर्टी सेक्टर में भी खरीदारी की बाढ़ आ गई है। पिछले वर्ष धनतेरस पर ?35,000 करोड़ का कारोबार हुआ था, जबकि इस बार आंकड़ा इससे काफी आगे निकलने की उम्मीद है। वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा का कहना है कि इस बार के छह दिवसीय दीपोत्सव के पर्व पर पूर्वांचल में 35000 करोड़ से अधिक के कारोबार होने के आसार है. इस वर्ष धनतेरस के दिन देवगुरु बृहस्पति मिथुन राशि से कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। यह कर्क राशि उनकी उच्च राशि मानी जाती है, जिसके कारण केंद्र-त्रिकोण योग और ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह योग 12 वर्षों बाद बन रहा है और इसमें की गई पूजा, खरीदारी एवं दान अद्भुत फल देती है। इसके साथ ही शिववास योग और शनि प्रदोष व्रत का भी संयोग बन रहा है, जिससे भगवान शिव की उपासना विशेष फलदायी मानी गई है। इस दिन किए गए पूजन से संतान संबंधी चिंताओं से मुक्ति और स्वास्थ्य-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# एक दीया बलिदानियों के नाम: दीपों की उजास में झलकी वीरता और बलिदान की अमर गाथा

**-सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** धनतेरस की संध्या थी। गंगा के घाटों से लेकर गलियों तक, हर ओर दीपों की टिमटिमाती रौशनी से काशी जगमगा रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं माँ अन्नपूर्णा ने अपने करकमलों से इस नगरी को स्वर्ण आभा से आच्छादित कर दिया हो। लेकिन इसी चकाचौंध के बीच, पुलिस लाइन्स का विस्तृत मैदान उस शाम कुछ और ही कह रहा था वह केवल दीपों से नहीं, बल्कि स्मृतियों और श्रद्धा से आलोकित था।

वह दृश्य किसी मंदिर, तीर्थ या तपोभूमि से कम नहीं था। यहाँ दीप केवल जल नहीं रहे थे, वे बोल रहे थे, बलिदान की भाषा में, कर्तव्य की व्याख्या में, और राष्ट्रप्रेम की मौन गाथा में। दैनिक जागरण परिवार द्वारा आयोजित यह विशिष्ट कार्यक्रम ह्लएक दीया बलिदानियों के नामह्व केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक भावयात्रा थी–उन सपूतों की स्मृति की ओर जिन्होंने अपनी प्राणज्योति मातृभूमि की रक्षा में अर्पित कर दी।

दीपों के बीच उमड़ा राष्ट्रभाव

कार्यक्रम का शुभारंभ स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल और आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने दीप प्रज्वलन से किया। दोनों मंत्रियों ने शहीदों की तस्वीरों के समक्ष सिर झुकाते हुए कहा ह्लदीपावली की सच्ची उजास तभी है, जब हमारे भीतर कृतज्ञता की लौ प्रज्वलित हो। हर दीप जो आज जल रहा है, वह किसी शहीद की याद में, किसी वीर माँ के गर्व में, किसी विधवा के मौन आँसुओं में टिमटिमा रहा है।

मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने अपने संबोधन में कहा, शहीदों की आत्मा तभी संतुष्ट होती है जब हम उनके बलिदान को जीवन का संस्कार बना लें। दीपावली पर केवल घरों को नहीं, बल्कि मन को भी उजाला चाहिए–राष्ट्र के प्रति समर्पण के उजाले से।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल और उनकी टीम ने इस आयोजन को जिस शांति, अनुशासन और भव्यता के साथ संपन्न कराया, वह स्वयं में मिसाल थी। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने आजादी की पहली लड़ाई से लेकर कारगिल के रणक्षेत्र तक फैली वीरता की गाथाओं को स्मरण करते हुए कहा ह्लहर पीढ़ी में ऐसे सपूत जन्म लेते हैं जो अपने प्राण देकर भी देश की मिट्टी को अमर कर जाते हैं। आज यह दीपोत्सव उनकी आत्मा के साथ संवाद का क्षण है। उनके शब्दों के साथ जब सुरों में ह्यऐ मेरे वतन के लोगों और वतन पर जो फिदा हो गए जैसे गीत गूंजे, तो मैदान की हवा में करुणा और गर्व का ऐसा संगम हुआ कि अनेक आँखें नम हो उठीं। उस शाम जब एक साथ 1.51 लाख दीप प्रज्वलित हुए, तो लगा मानो आकाश झुककर धरती को प्रणाम कर रहा हो। हर लौ में किसी शहीद का चेहरा उभर आया– कहीं बर्फीली चौकी पर खड़ा प्रहरी, कहीं नक्सली क्षेत्र में डटा जवान, कहीं ड्यूटी पर शहीद हुआ एक सिपाही। हर दीप जैसे यह कह रहा था– हम बुझाए नहीं गए, हम तो उजास बनकर हर दीपावली में लौट आते हैं।

# टाटा नेक्सॉन बनी सितंबर 2025 में भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार

मुंबई। भारत के अग्रणी ऑटोमोबाइल निमार्ताओं में से एक, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी टाटा नेक्सॉन में अब एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम तकनीक जोड़ने की घोषणा की है। सुरक्षा के क्षेत्र में लगातार अग्रणी रही नेक्सॉन भारत की पहली कार थी जिसे 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग प्राप्त हुई थी। अब यह देश की एकमात्र एसयूवी बन गई है, जिसे ग्लोबल एनसीएपी और भारतीय एनसीएपी - दोनों से डुअल 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। नए ADAS फीचर्स - जैसे ऑटोनॉमस इमरजेंसी ब्रेकिंग, फॉरवर्ड कोलिजन वार्निंग, लेन कीप असिस्ट, ट्रैफिक साइन रिकॉग्निशन आदि - के साथ नेक्सॉन अब पहले से कहीं अधिक सुरक्षित, स्मार्ट और भरोसेमंद ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है। सितंबर 2025 में नेक्सॉन ने भारत की नंबर 1 बिकने वाली कार का खिताब भी हासिल किया, जो टाटा मोटर्स के लिए एक और उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस सफलता के जश्न में कंपनी ने नेक्सॉन का एक्सक्लूसिव Red #DARK एडिशन लॉन्च किया है, जो पेट्रोल, डीजल और सीएनजी - तीनों विकल्पों में उपलब्ध है। इसकी शुरूआती कीमत 12.44 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। नेक्सॉन के शानदार प्रदर्शन का जश्न मनाते हुए और नए ADAS फीचर्स तथा Red #DARK एडिशन के लॉन्च पर, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवास्तव ने कहा, 2017 में लॉन्च के बाद से नेक्सॉन ने अपने बोल्ड डिजाइन, बेहतरीन प्रदर्शन और सुरक्षा के साथ एसयूवी सेगमेंट को एक नई दिशा दी है।

# किशोरावस्था त्वचा की देखभाल



टीनएज में त्वचा बेहद कोमल और नाजुक होती है। इस दौरान त्वचा को खास केयर की जरूरत होती है। टीनएज की उम्र शुरू होने के साथ ही शरीर में हार्मोनल बदलाव होने लगते हैं। इस दौरान हार्मोनल बदलाव के कारण लड़कियों के चेहरे पर पिंपल्स निकलने लगते हैं। इसके अलावा टीनएज में हार्मोनल बदलाव के कारण ओर भी कुछ समस्या आ सकती है। टीनएज में त्वचा का ख्याल रखने के लिए लड़कियों को कुछ खास स्कीन केयर टिप्स फॉलो करने चाहिए, ताकी त्वचा को स्कीन प्रॉब्लम्स से बचाया जा सके।

1. चेहरे की सफाई करें : टीनएज में स्कीन केयर का महत्वपूर्ण स्टेप है चेहरे की सफाई करना। टीएजर्स को दिन में कम से कम 2 बार चेहरे की सफाई करनी चाहिए। चेहरा साफ करने के लिए माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए। त्वचा की डीप क्लीजिंग भी जरूरी है। त्वचा को गहराई तक साफ करने के लिए लड़कियां हफ्ते में एक बार स्क्रब कर सकती हैं।

2) टीनएज में त्वचा को दें हेल्दी डाइट : हेल्दी स्कीन के लिए, हेल्दी डाइट का सेवन करें। डाइट में फाइबर, विटामिंस, कैल्शियम, एंटीऑक्सीडेंट्स आदि को शामिल करें। टीनएज में हाइड्रेशन का भी खास ख्याल रखना चाहिए। इस उम्र में पानी का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें। ऐसा करने से त्वचा से जुड़ी समस्याओं से काफि हदतक कम हो जाएगी. 3) मेकअप से बचना चाहिए : आजकल लड़कियां कम उम्र से ही मेकअप उत्पादों का इस्तेमाल करना शुरू कर देती हैं। मेकअप उत्पादों में मौजूद केमिकल्स से त्वचा में एक्ने, रैशेज,आने लगते हैं इसलिए मेकअप उत्पादों का इस्तेमाल ना करे.

4) धूप में बाहर न निकलें : धूप में जाने से त्वचा, टैनिंग का शिकार हो जाती है। टैनिंग के कारण त्वचा काली नजर आती है। ज्यादा धूप में जाने से त्वचा में रेडनेस, दाने आपकी त्वचा के अनुसारजैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं। बाहर निकलने से पहले ग्लब्स से हाथों को कवर करें। पैर में कॉटन मोजे पहनें। चेहरे को कॉटन स्कार्फ की मदद से ढक सकते हैं। और आपकी त्वचा के अनुसारप्रतिदिन सनस्क्रीन का प्रयोग करें. इन आसान टीप के जरिए टीनएज में स्कनि केयर करे.

From :
Dr Mona trivedi (bombay)